दैनिक

# नज़रिया खबर

भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:18 | अंक: 19 | देहरादून, शुक्रवार 18 जुलाई, 2025 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 1/रु. प्रति

# स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर स्वास्थ्य विभाग विशेष ध्यान दें: मुख्यमंत्री

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष ध्यान दिया जाए। अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों के सुदृ ढ़ीकरण की दिशा में कार्य किये जाए। यह सुनिश्चत किया जाए कि अस्पताल रेफरल सेंटर न बनें।

जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओनरशिप लेकर कार्य किये जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और अस्पतालों में जन स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग की अलग से बैठक करें। स्वास्थ्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री घोषणाओं की अद्यतन स्थिति से भी अवगत कराने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन के माध्यम से सुपर स्पेशलिस्ट




सीएम बैठक लेते हुए।

### अस्पतालों में आवश्यक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं

को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। आयुष विभाग की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि उत्तराखण्ड में दो स्पिरिचुअल जोन बनाये जाने की सीएम घोषणा के क्रियान्वयन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि योग, वेलनेस और आयुष हमारी विरासत है, राज्य में हेल्थ और वेलनेस के अच्छे सेंटर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। राज्य में वेलनेस सेंटर और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक साल का लक्ष्य बनाकर कार्य किया जाए। पुराने हेल्थ और वेलनेस सेंटरों के उन्नयन की दिशा में भी कार्य किये जाएं। जीएमवीएन, केएमवीएन और वाइब्रेंट विलेज में भी हेल्थ और वेलनेस सेंटरों की संभावनाओं पर कार्य किया जाए।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## न्यूज डायरी

### सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राज्यपाल से की मुलाकात



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को उत्तराखण्ड सदन, नई दिल्ली में सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने सीडीएस से उत्तराखण्ड के पूर्व सैनिकों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, कल्याणकारी नीतियों तथा सैनिक बाहुल्य क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृ ढ़ीकरण पर चर्चा की।

### शराब की तस्करी करते हुए 1 गिरफ्तार, 10 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद

**उत्तरकाशी।** कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस द्वारा बीते रोज चौकिंग के दौरान 1अभियुक्त को 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 को पारदर्शी,निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए उत्तरकाशी पुलिस लगातार मुस्तैद है, चुनाव के दौरान अवैध मादक पदार्थों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस लगातार निगरानी बनाए हुये है। पंचायत चुनाव को देखते हुये थ्ै,ज दस्तों के साथ एसओजी व थाना पुलिस को अलर्ट रहते हुये अवैध गतिविधियों मे लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हुये हैं। 'प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भावना कैंथोला' के नेतृत्व में कोतवाली उत्तरकाशी पुलिस टीम द्वारा कल 16 जुलाई 2025 को चौकिंग के दौरान 'तेखला बाईपास से सत्यनारायण नाम के एक व्यक्ति को वाहन से 10 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया।

## सिंचाई विभाग के जलाशयों में जमा सिल्ट को निकाले जाने के संबंध में मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग के जलाशयों में जमा सिल्ट को निकाले जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई।




मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जलाशयों में अधिक मात्रा में सिल्ट जमा हो चुका है तथा जिससे उसकी धारण क्षमता में अत्यधिक कमी आई है उनके सिल्ट को निकालने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रस्तुत करें। जिससे जलाशयों की धारण क्षमता में वृद्धि हो जाए तथा उसके डाउनस्ट्रीम में किसी भी तरह के जलभराव की आशंका न रहे। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सिल्ट निकालने के लिए फॉरेस्ट रिजर्व क्षेत्र के मानक का पालन करते हुए प्रस्ताव तैयार करें तथा इसके लिए राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की जैसे संस्थान से स्टडी करवाना भी सुनिश्चित करें।

## मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के मदरसों में स्कॉलरशिप वितरण में हुई धांधली पर दिए जांच के आदेश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल को कागजों में अल्पसंख्यक विद्यालय या मदरसा दर्शाकर केंद्रीय सरकार द्वारा पोषित विद्यालयों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति दिये जाने के प्रकरण की जानकारी होने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहनता से जांच करने के आदेश विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को दिए हैं।



अब इस मामले की जांच विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार उधम सिंह नगर जिले में 2021–2022 और 2022–2023 के राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर दर्ज किए अल्पसंख्यक छात्रवृति आवेदकों की प्रमाणिकता जांचने के लिए उधमसिंह नगर जिले के 796 बच्चों के दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई थी। इनमें से 6 मदरसों/शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले 456 बच्चों के बारे में जानकारी संदिग्ध पाई गई है। खास बात ये है कि इन स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल किच्छा का नाम भी शामिल है। यहीं से इस मामले में धांधली होने का मामला सामने आया है क्योंकि एक तो सरस्वती शिशु मंदिर अल्पसंख्यक विद्यालय नहीं होता दूसरा इसका संचालक मोहम्मद शारिक–अतीक बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के अनुसार यहां 154 मुस्लिम बच्चों का पढ़ना बताया गया है। राष्ट्रीय छात्रवृति पोर्टल पर ये नाम देखकर सरकार भी चौंकी है जिसके बाद ही मुख्यमंत्री धामी ने गहनता से जांच करने के निर्देश दिए है। जानकारी के अनुसार काशीपुर के नेशनल अकादमी जेएमवाईआईएच एस में पढ़ने वाले 125 मुस्लिम छात्रों और इसके संचालक गुलशफा अंसारी, मदरसा अल जामिया उल मदरिया के 27 बच्चों का और उसके संचालक मोहम्मद फैजान का सत्यापन भी किए जाने के निर्देश जारी किए गए है। उधम सिंह नगर के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नंदिनी सिंह को इन सभी मामलों की गहनता से जांच पड़ताल करने के लिए सचिव अल्पसंख्यक कल्याण ने निर्देश दिए हैं। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में दर्ज उत्तराखंड राज्य के ऐसे सभी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों के बारे में आवेदकों के सत्यापन, भुगतान के विषय में बैंक खातों की जानकारी, संचालकों और विद्यार्थियों दोनों के जांचने के निर्देश देते हुए दो हफ्तों में रिपोर्ट देने को कहा है। इस संबंध में विशेष सचिव अल्पसंख्यक कल्याण डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर के नाम से एक वर्ग विशेष द्वारा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति के मामले संज्ञान में आने साथ ही अन्य मदरसों के द्वारा राष्ट्रीय छात्रवृति में दर्ज आवेदनों को लेकर संदेह पैदा हुआ है, मुख्यमंत्री द्वारा इस मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

18 July 2025_Copy of Layout 1 7/18/2025 1:32 PM Page 2



# संपादकीय

## दिल्ली के 20 से अधिक स्कूलों को मिली बम की धमकी

दिल्ली के स्कूल इस वक्त दहशत में हैं। स्कूलों को लगातार बम से उड़ाने की धमकिया दी जा रही हैं। शुक्रवार सुबह दिल्ली के 20 से ज्यादा स्कूलों को बम की धमकी वाले ईमेल मिले। स्कूलों में बम निरोधक दस्ते और अन्य दस्ते मौजूद हैं और तलाशी अभियान जारी है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, उन्हें रोहिणी स्थित रिचमंड ग्लोबल स्कूल से सुबह 4.55 बजे, रोहिणी स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल और द सॉवरेन स्कूल से क्रमशः सुबह 8 बजे और 8.16 बजे बम की धमकी के बारे में कॉल आए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि और भी स्कूलों को इसी तरह के ईमेल मिले हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस और विभिन्न त्वरित प्रतिक्रिया प्राधिकारियों ने तलाश और निकासी अभियान शुरू कर दिया है। इस हफ्ते यह चौथा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। पुलिस तथा अग्निशमन विभाग के कर्मी विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर स्कूलों को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं। इनके साथ बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्ते भी हैं। अब तक दक्षिण दिल्ली के समरफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, पीतमपुरा में मैक्सफोर्ट जूनियर स्कूल और गुरु नानक स्कूल, द्वारका के सेंट थॉमस स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल और द्वारका इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार के रिचमंड स्कूल और रोहिणी के छह स्कूलों – सेक्टर 3 के एमआरजी स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर 24 के सॉवरेन पब्लिक स्कूल और हेरिटेज पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 के आईएनटी पब्लिक स्कूल तथा सेक्टर 3 स्थित अभिनव पब्लिक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ''आज 20 से ज्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है! सोचिए बच्चे, अभिभावक और शिक्षक किस स्थिति से गुजर रहे होंगे।'' आतिशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' दिल्ली में शासन के सभी चार इंजनों पर भाजपा का नियंत्रण है फिर भी वह हमारे बच्चों को सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम नहीं है! यह हैरान करने वाला है।''

# हरिद्वार में बीईजी आर्मी तैराक दल के जवान बचा रहे हैं श्रद्धालुओं की जान

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमेन्द्र डोबाल के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक नगर पंकज गैरोला, अपर जिलाधिकारी फिंचाराम के मुख्य संयोजन एवं बीईजी आर्मी तैराक दल के नोडल अधिकारी इंडियन रेडक्रास सचिव डॉ. नरेश चौधरी के संयोजन में बीईजी आर्मी के तैराक अपनी मोटर बोटों एवं सभी संशाधनों के साथ कांवडियों की सुरक्षा के लिये गंगा के विभिन्न घाटों पर तैनात होकर अपनी पूर्ण कर्मठता से कांवडियों को डूबने से बचाने के लिये अपनी सम्पूर्ण शक्ति झोंक रहे है। जिसकी कांवडियोंध्श्रद्धालुओंध्यात्रियों द्वारा मुक्त कंठ से सराहना की जा रही है।



बीईजी आर्मी तैराक दल।

विदित है कि कांवड मेला इस समय अपने पूर्ण सैलाब पर है जिसमें लाखों कांवडिये रोजाना हरिद्वार से जल लेकर अपनेकृअपने गंतव्य स्थानों पर प्रस्थान कर रहे हैं। कांविडयों द्वारा गंगा स्नान के साथकृसाथ गंगा में गहराई में जाकर तैरने की कोशिश की जाती है जिसके कारण कांवड़ियों की गंगा में डूबने की घटना होती है। इसी को मध्यनजर रखते हुए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की विशेष पहल पर बीईजी आर्मी के कमाण्डेंट ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, कर्नल अभिषेक पोखरियाल, ले. कर्नल विवेक सिंह, मेजर एलपी काम्बोज के नेतृत्व में सूबेदार लखबीर सिंह, नायब सूबेदार कुलविन्दर सिंह, हवलदार तन्मय, हवलदार अनिल कुमार, लांसनायक अमित कुमार यादव, सोमनाथ, प्रमोद चन्द्र अनिल कुमार, राजेश कुमार, हवलदार त्रिलोक सिंह, नायक जगमीत सिंह, सैपर सुरेन्द्र सिंह, सैपर गुडडू सिंह, सैपर श्रीजीत एसपी, सैपर प्रीतम द्वारा कांवड मेला क्षेत्र हरकी पैड़ी के आसपास के सभी घाट, गऊघाट, सुभाषघाट, सीसीआर घाट, कुशाघाट, हाथीपुल, रोडी बेलवाला घाट, रामघाट, विष्णुघाट, हनुमान घाट, बिरला घाट, अलकनन्दा घाट तथा रुड़की गंग नहर के गणेश पुल, सोलानी पुल, पिरान कलियर, धनौरी तक के सभी क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है। जहां से भी देखने में आता है अथवा सूचना प्राप्त होती है कि कोई कांवडियाध्श्रद्धालु गंगा में डूब रहा है तो तुरन्त आर्मी तैराक दल के सैनिक अपनी मोटर बोट से मौके पर पहुंचकर कांवडियों की जान बचा रहे हैं।

# टेरर फंडिंग का खुलासा- एफएटीएफ ने 'कम्प्रेहैन्सिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क्स' रिपोर्ट जारी की



### टेरर फंडिंग में सोशल मीडिया, क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस के जरिए धन एकत्रित होने का एफएटीएफरिपोर्ट में खुलासा

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब– करीब हर देश में किसी ने किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै,इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है।

भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे, वैश्विक स्तरपर आतंकवाद पूरी दुनियाँ के हर देश के लिए गंभीर समस्या बन चुका है,तो उसका पर्याय भ्रष्टाचार भी एक गंभीर समस्या है,क्योंकि यह दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, आतंकवाद को वित्त पोषण भी एक भ्रष्टाचार का ही रूप है, जिसके सहयोग से आतंकवाद उत्पन्न होता है और फलता फूलता है,यानें अस्तित्व में आता है। वैसे तो दशकों से आतंकवाद व भ्रष्टाचार का चोली दामन का साथ है, क्योंकि वित्त पोषण यानें भ्रष्टाचार नहीं होगा तो, आतंकवाद पनपता ही नहीं। वैसे तो आतंकवादियों द्वारा बड़ी–बड़ी घटनाएं धमाकों को अंजाम दिया गया है, जिसमें हजारों लाखों लोगों की जान चली गई है, जिसके अनेक उदाहरण है जिसका अभी सटीक उदाहरण भारत में 22 अप्रैल 2025 को दुखदपूर्ण हादसा फिर देखने को मिला जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई।चूँकि एफएटीएफ ने श्कम्प्रेहैन्सिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क्स' रिपोर्ट जारी की इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल का माध्यम से चर्चा करेंगे टेरर फंडिंग में सोशल मीडिया,क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस के जरिए धन एकत्रित होने का एफएटीएफ रिपोर्ट में खुलासा है आतंकवाद को जड़ से मिटाने उसके वित्तपोषण को रोकने का स्थाई समाधान ढूंढना वर्तमान समय की मांग। साथियों बात अगर हम अभी एक दिन पूर्व एफएटीएफ द्वारा जारी रिपोर्ट में नई आधुनिक डिजिटल पद्धतियों डिजिटल सोशल ऑनलाइन मार्केटिंग का प्रयोग आतंकी टेरर फंडिंग में होने की करें तो,यह रिपोर्ट दर्शाती है कि आतंकवादी संगठन अब भी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली का दुरुपयोग करके अपने कृत्यों को अंजाम दे रहे हैं और हमलों की योजना बना रहे हैं जिसमें आतंकवाद के वित्त– पोषण को प्रभावित करने वाले मुख्य कारकरू(1) अकेले सक्रिय आतंकवादी और न्यूनतम वित्त– पोषण की आवश्यकता वाले छोटे संगठनय(2)अफ्रीका और दक्षिण एशिया में असुरक्षित एवं छिद्रिल सीमाएंय(3)आतंकवाद को कुछ देशों द्वारा दिया जा रहा राज्य–स्तरीय समर्थन(4) मुक्त व्यापार क्षेत्र की कमजोर निगरानी व नियमों की कमी आदि। आतंकवाद के वित्त– पोषण के माध्यम पारंपरिक तरीके अपने जा रहे हैं,अल– शबाब और हमास जैसे समूहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले नकदआधारित लेन–देन,हवाला एवं अन्य अनौपचारिक तरीके, जिनका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान आधुनिक युग में नई पद्धतियां अपना जा रही है,जैसे डिजिटल प्लेटफॉमर्रू सोशल मीडिया,क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस के जरिए धन एकत्रित करनायबिटकॉइन जैसी वर्चुअल करेंसी का उपयोग करनाय ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से फंड ट्रांसफर करना आदि।आपराधिक गतिविधियां जबरन वसूली, फिरौती के लिए अपहरण, मादक पदार्थों की तस्करी, और बोको हरम जैसे समूहों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों (जैसे– सोना, लकड़ी आदि) का अवैध व्यापार।गैर –लाभकारी और कानूनी संस्थाओं का दुरुपयोगरूफ्रंट कंपनियों और शेल कंपनियों के जरिए धन छिपानायगैर–सरकारी संगठनों (एनजीओ) से फंड को डाइवर्ट कर आतंकी गतिविधियों में लगाना आदि। आतंकवाद के वित्त–पोषण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशेंरूजोखिम संकेतकों की पहचान करना जैसे– बार–बार उच्च जोखिम वाले देशों को धन अंतरण, वर्चुअल असेट्स और प्रीपेड कार्ड जैसे गुमनामी बढ़ाने वाले उपकरणों का उपयोग आदि की निगरानी करनी चाहिए। संगठित बहुपक्षीय प्रतिक्रियारू आतंकवाद के वित्त–पोषण की अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एफएटीएफ प्रतिबंधों के तहत आतंकवादी संगठनों को बहुपक्षीय रूप से सूचीबद्ध करना चाहिए।

साथियों बात अगर हम आतंकवाद को समाप्त करने की करें तो जब तक उसके फलने फूलने के रास्तों को ढूंढ कर उन्हें नष्ट नहीं करेंगे, तब तक यह समस्या यूं ही फलती फूलती रहेगी और मुंह फाड़े नुकसान पहुंचाती रहेगी इसलिए इसकी सबसे महत्वपूर्ण जड़ कोई है तो वह टेरर कैंप,डर्टी माइंड,ब्रेनवाश, बेरोजगारी, हेट स्पीच जैसी अनेकों जड़े हैं और इन जड़ों के पनपने का एक महत्वपूर्ण रास्ता है वित्तपोषण याने टेरर फंडिंग इसलिए यदि इसकी इस मूल जड़ को ही काटा जाए तो इसके सहभागी जड़ों पर अपने आप विपरीत प्रभाव पड़ जाएगा और समाप्ति की ओर कदम बढ़ जाएंगे इसलिए नो मनी फॉर टेरर पर वैश्विक एकता बनाकर कार्य योजना तैयार कर उसे सख्ती से क्रियान्वयन करने का की आवश्यकता को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि टेरर फंडिंग का खुलासा– एफएटीएफ ने श्कम्प्रेहैन्सिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क्स' रिपोर्ट जारी की,टेरर फंडिंग में सोशल मीडिया, क्राउडफंडिंग प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन मार्केटप्लेस के जरिए धन एकत्रित होने काएफएटीएफ रिपोर्ट में खुलासाकिया है आतंकवाद को जड़ से मिटाने उसके वित्तपोषण को रोकने का स्थाई समाधान ढूंढना वर्तमान समय की मांग है।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

18 July 2025_Copy of Layout 1 7/18/2025 1:32 PM Page 3



# सीएम ने शिवभक्त कांवड़ियों के चरण धोकर किया स्वागत, हरिद्वार आये कांवडियों एवं शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ओम पुल में आयोजित कार्यक्रम में कांवड़ियों के पांव धोकर (प्रक्षालन) कावड़ियों/शिव भक्तों का किया स्वागत किया। हरिद्वार आये कांवडियों एवं शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा। देवभूमि उत्तराखण्ड के तीर्थ नगरी हरिद्वार में गंगा सभा एवं भारतीय नदी परिषद के तत्वाधान में गंगा तट पर विश्व के सबसे ऊँचे 251 फीट भगवा ध्वज की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की घोषणा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार पहुँचकर ओम पुल के निकट गंगा घाट पर आयोजित प्रतिभाग किया तथा देशभर से आए शिवभक्त कांवड़ियों के चरण धोकर स्वागत किया व उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने आयोजित भजन सन्ध्या में भी प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि शिव भक्त कांवड़ियों



कांवड़ियों के चरण धोते सीएम।

का पैर पखार कर उनका आशीर्वाद लेने का अवसर प्राप्त हुआ।

उन्होंने सफल आयोजन के लिए हरिद्वार पुलिस सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों, एचआरडीए को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जल अर्पित करने मात्र से ही भगवान शिव अपने सभी भक्तों की मनोकामनायें पूरी कर देते है, और श्रावण मास में तो भगवान शिव की भक्ति का प्रभाव अत्यधिक बढ़ जाता है। देशभर से सैकड़ो–हजारों किलोमीटर की यात्रा करके शिव भक्त कांवड़िये धर्म नगरी हरिद्वार से गंगा का जल लेकर जाते है और जलाभिषेक करते हैं।

उन्होंने कहा कि कांवड यात्रा न केवल श्रद्धा एवं आस्था का प्रतीक है बल्कि यह हमें सेवा में पुण्य का भागीदार बनने का भी अवसर देती है। इस वर्ष की अभी तक कांवड यात्रा पर एक करोड़ से अधिक शिव भक्त कांवड़ियों ने अपने–अपने गंतव्य को प्रस्थान कर लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के साथ–साथ संस्कृति के संरक्षण के लिए बहुत पुनरोत्थान के कार्य भी चले रहे है, चाहें काशी विश्वनाथ कोरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मन्दिर बनने की बात करें या उज्जैन में बनने वाला महाकाल, हमारे देवभूमि उत्तराखण्ड में केदारनाथ का नवनिर्माण या बद्रीविशाल का मास्टर प्लान हो, इन सभी पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने हमारे राज्य में प्रथम ध्वज वाहक बनकर आदि कैलाश यात्रा को पूरे विश्व में प्रसिद्धि दिलाने का काम किया है। वह देश के प्रथम प्रधानमंत्री है जिन्होंने साढ़े 17 हजार फुट की ऊँचाईं पर जाकर सीमांत क्षेत्र में भगवान आदि कैलाश व पार्वती कुण्ड के दर्शन किये। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मां गंगा के तट पर हरिद्वार–ऋषिकेश कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हरिद्वार धर्मनगरी का भी काशी, अयोध्या की भाँति अपने भव्य स्वरुप में दर्शन हो जाया करेंगें।

## चमोली में बलात्कारी को 20 साल की सजा

**चमोली।** गोपेश्वर में 7 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी व्यक्ति को कोर्ट ने दोषी पाया है। साथ ही मामले में कोर्ट ने 20 साल की कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक मोहन पंत ने बताया कि बीती 25 जून 2024 को जोशीमठ निवासी एक महिला ने पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई थी। जिसमें महिला ने एक व्यक्ति पर उसकी 7 साल की नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाया था। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के बाद उसकी गिरफ्तारी की गई।

इस मामले में 15 जुलाई 2025 को जिला एवं विशेष सत्र न्यायाधीश विंध्याचल सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। जिसमें अदालत ने आरोपी व्यक्ति को दुष्कर्म का दोषी पाया और 20 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20,000 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

## प्रतिबंध के बावजूद हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे बीकेटीसी अध्यक्ष, डीजीसीए व यूकाडा ने हेली कंपनी पर की कार्रवाई

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दो दिन पहले केदारनाथ में प्रतिबंध के बावजूद हेलीकॉप्टर ले जाने पर डीजीसीए और यूकाडा ने एक्शन लिया है। इस मामले में प्राइवेट कंपनी को नोटिस भेजा गया है। साथ ही इस मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस हेलीकॉप्टर में बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष सवार थे।

उत्तराखंड में यात्रा सीजन की शुरुआती दौर में लगातार हुई हेली दुर्घटनाओं के बावजूद भी कंपनियां अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही हैं। केदारनाथ में हेली सेवा प्रतिबंधित होने के बावजूद भी दो दिन पहले एक प्राइवेट कंपनी के हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। इसके बाद मौसम खराब होने पर हेलीकॉप्टर को पूरा एक दिन तक वहीं रुकना पड़ा। अगले दिन मौसम साफ होने पर हेलीकॉप्टर वापस आया। केदारनाथ के पुरोहित हेमंत त्रिवेद्री ने बताया कि इस हेलीकॉप्टर में बदरी केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी और उनके साथ कुछ उद्योगपति केदारनाथ पहुंचे थे। अब इस पूरे मामले पर उत्तराखंड सिविल एविएशन एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी के सीईओ आशीष चौहान ने एक्शन की बात कही है। उन्होंने कहा उनके इस मामले में प्राइवेट कंपनी को नोटिस भेजा गया है। इसके अलावा यूकाडा में इस मामले की जांच कर रहे संजय टोलिया ने बताया कि बीते दो दिन पहले केदारनाथ में प्रतिबंध के बावजूद हेलीकॉप्टर फ्लाई किया गया। उन्होंने बताया केदारनाथ में हेलीकॉप्टर फ्लाई इस वक्त पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

## राजस्थानी पगड़ी से किया दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम न्यूज पेपर्स फेडरेशन का एक 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरिंदर सिंह की अगुवाई में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का पत्रकारों व दिल्ली की जनता के लिए किए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर दिल्ली के पत्रकारों का एक मांग पत्र मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को सौंपा गया।

अध्यक्ष ने फैडरेशन का सितंबर में होने वाले महाअधिवेशन का निमंत्रण भी दिया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री गुप्ता का राजस्थानी पगड़ी और भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट सम्मान किया। राजस्थान ईकाई के अध्यक्ष प्रेस काउंसिल के सदस्य रहे डॉ– एलसी भारतीय ने मुख्यमंत्री को



दिल्ली की सीएम से भेंट करते फेडरेशन के पदाधिकारी।

राजस्थानी पगड़ी पहनाई तथा भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट की। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरिंदर सिंह ने शॉल ओढ़ाई।

डॉ. भारतीय मुख्यमंत्री को भारत की सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री बताया। प्रतिनिधिमंडल में उत्तराखंड के स्मॉल मीडियम बिग न्यूज पेपर्स सोसाईटी के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा, महासचिव राशिद अली, संगठन मंत्री हिमांशु छाबड़ा, यूपी के पवन सहयोगी, फेडरेशन के संगठन सचिव विजय सूद सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर दिल्ली के कस्तुरबा नगर से विधायक नीरज बेसौया भी थे। बसोया भारतीय जनता पार्टी के एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। ये 2008 और 2025 में दिल्ली के कस्तूरबा नगर से विधानसभा सदस्य चुने गए।

# हरेला पर्व पर हरियाली का संकल्प, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में किया गया पौधारोपण

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की पारंपरिक संस्कृति और प्रकृति से जुड़ा प्रमुख त्योहार हरेला पर्व सोमवार को खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग में पूरे उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग तथा ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी के नेतृत्व में विभागीय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और



पौधारोपण करते हुए।

विभिन्न प्रकार के छायादार व औषधीय पौधे लगाए। सभी ने यह संकल्प भी लिया कि वे न केवल इन पौधों की देखभाल करेंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता भी फैलाएंगे।

अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी का वक्तव्य इस अवसर पर ताजबर सिंह जग्गी ने कहा हरेला केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और प्रकृति से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित जीवन सुनिश्चित करता है। यह हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है कि हम प्रकृति के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि विभाग का प्रयास रहेगा कि हर वर्ष हरेला जैसे पर्वों पर पर्यावरणीय गतिविधियों को और अधिक संगठित व व्यापक रूप में मनाया जाए। उन्होंने अन्य विभागों और संस्थानों से भी अपील की कि वे इस परंपरा को निभाते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहभागी बनें। पौधारोपण के बाद उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण, पौधों की देखभाल और प्लास्टिक के कम उपयोग का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से औषधीय पौधों जैसे आंवला, नीम, गिलोय और अशोक के पौधों को प्राथमिकता दी गई। विभाग द्वारा की गई इस हरित पहल की न केवल विभागीय स्तर पर बल्कि राज्य स्तर पर भी सराहना हो रही है।

18 July 2025_Copy of Layout 1 7/18/2025 1:32 PM Page 4



# युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए विभागीय सचिव समन्वय के साथ करें कार्य

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कौशल विकास और श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए सभी संबंधित विभागीय सचिव समन्वय बनाकर कार्य करें।



सीएम पुष्कर सिंह धामी।

उन्होंने मुख्य सचिव को सचिवों के साथ बैठक कर इसके लिए ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कौशल विकास को इन्क्यूबेशन और ग्रोथ सेंटरों से जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में स्थानीय लोगों को प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, कारपेंटर, मिस्त्री जैसे कार्यों के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। उद्योगों की मांग और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कोर्स तैयार किए जाएं। प्रशिक्षण केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनें, प्रयोगशालाएं (लैब्स) और स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जनपद की पारंपरिक पहचान को ध्यान में रखते हुए लोगों को कौशल विकास और प्रशिक्षण से जोड़ा जाए। ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने के साथ ही सभी कुशल श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बाल श्रम मुक्ति के लिए लक्षित पुनर्वास से संबंधित कार्रवाई हेतु शीघ्र योजना बनायी जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये विशेष कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की जाए तथा प्रदेश के दूरदराज इलाकों में स्किल ऑन व्हील्स वैन की शुरूआत की जाए। मुख्यमंत्री ने हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में राज्य के युवाओं को विदेश में रोजगार से जोड़ने के लिए संबंधित देशों में स्थित भारत के दूतावासों से संपर्क किये जाने पर बल देते हुये ऐसे युवाओं को विदेशी भाषाओं के कोर्स कराने हेतु दून विश्वविद्यालय से नियमित समन्वय स्थापित किये जाने के भी निर्देश दिए। जनपदों में बनाए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने की भी बात मुख्यमंत्री ने कही।

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 27 आईटीआई में प्रशिक्षण ले रहे अभ्यर्थियों को दो वर्षीय कोर्स के अंतर्गत एक वर्ष का प्रशिक्षण आईटीआई में तथा एक वर्ष का प्रशिक्षण उद्योगों में प्रदान करने हेतु भारत सरकार से सहमति प्राप्त हो गई है। पाँच अन्य आईटीआई के लिए शीघ्र ही सहमति प्राप्त किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, सी. रविशंकर एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती–ढालवाला ने 1000 पौधे रोपने का लिया संकल्प

**ऋषिकेश।** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित हरेला पर्व नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती–ढालवाला ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोप हर्षोल्लास से मनाया। बुधवार को पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती–ढालवाला की टीम, सभासदगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी 14 बीघा पुल के समीप नया बंदा मार्ग में एकत्र हुए पौधरोपण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। यहां से टीम ने वृक्ष लगाओ– पर्यावरण बचाओ और पेड़ लगाओ– हरियाली बढ़ाओ के नारों के साथ मित्र विहार तक, सुमन मार्ग के समीप रेलवे मार्ग, वार्ड 11 शिव मंदिर के समीप और भजनगढ़ में पौधरोपण अभियान चलाया। पालिकध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने बताया कि निकाय द्वारा 1000 पौधे रोपने का संकल्प लिया गया है। यह पर्व पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे भावी पीढ़ियों को स्वच्छ और हरा–भरा वातावरण मिलेगा।

## मदरसे के नाम पर चंदा वसूली करने वाला फर्जी मौलाना व सात ढोंगी साधू गिरफ्तार

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दून पुलिस ने एक फर्जी मौलाना मो. याकूब समेत आठ ढोंगियों को गिरफ्तार किया है। आरोपित मो. याकूब लोगों के बीच भ्रम फैलाकर और उनको डराकर मदरसे के नाम पर चंदा वसूलता था। लोगों से मांगे गए चंदे की रकम को खुद डकार जाता था। जबकि साधुओं का भेष रखकर ठगी करने वाले सात ढोंगियों को भी पौड़ी पुलिस ने दबोचा है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि ऑपरेशन कालनेमि के अंतर्गत जनपद के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने–अपने क्षेत्र में ढोंगियों को चिह्नित करें, जो आमजन को भ्रमित कर उनके साथ ठगी करते हैं। बुधवार को पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र से साधु–संतों के भेष में घूम रहे सात ढोंगियों और एक फर्जी मौलाना को गिरफ्तार किया।

उधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा संदिग्ध और भ्रामक गतिविधियों में लिप्त तथाकथित बाबाओं के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने कुरडीखेड़ा थाना बिहारी गढ़ निवासी मो. याकूब, रानीगंज मखना जनपद पीलीभीत निवासी भिखारी लाल, लेबर कालोनी जनपद फिरोजाबाद (उप्र) निवासी कुलदीप शर्मा, खेरगढ़ फिरोजाबाद हजारी लाल, धनोआ मधुबनी बिहार निवासी सरयुग यादव, रोशनाबाद हरिद्वार निवासी बबली, त्रिवेणीघाट ऋषिकेश निवासी वर्षराम गिरि को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

## डॉ. अनिल वर्मा सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन से सम्मानित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** वालंटियर सोसायटी फॉर एंटरप्रोन्योर, एजुकेशन एंड रूरल एक्शन वीरा फाऊंडेशन के संस्थापक एवं सीईओ विनोद डोभाल ने कहा कि आपदाओं को रोका नहीं जा सकता परन्तु इनके दुष्प्रभाव को सीमित किया जा सकता है। इसके लिए वैज्ञानिक सोच, पूर्व अनुभवों पर आधारित कुशल प्रबंधन एवं सघन प्रशिक्षण की आवश्यकता है।




आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण प्रदान करते हुए।

श्री डोभाल प्रदेशीय अभियंता प्रशिक्षण संस्थान, रूड़की उत्तराखंड के सभागार में वीरा फाऊंडेशन द्वारा अभियंताओं के लिए आयोजित विशेष प्रशिक्षण के तहत् सिंचाई विभाग के अभियंताओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपदाओं से बहुत अधिक जन धन की हानि होती है। इसे न्यूनतम करने के लिए पूर्व तैयारी व प्रशिक्षण बहुत ही जरूरी है। यूथ रेडक्रास के मास्टर ट्रेनर आपदा प्रबंधन डॉ० अनिल वर्मा ने प्रशिक्षण में फायर फाईटिंग के तहत आग के प्रकार,आग बुझाने के सिद्धांत तथा रासायनिक अग्निशमन यंत्रों के संचालन का प्रशिक्षण दिया। घायल अथवा रोगियों को मलबे आदि से सुरक्षित निकालकर उपचार हेतु ले जाने के बचाव के आपातकालीन तरीकों के तहत् फ्री हैंड्स तथा रोप रेस्क्यू का प्रशिक्षण, फर्स्ट एड के तहत सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जन–जागरूकता अभियान के तहत् एनीमिया, थैलेसीमिया , हीमोफीलिया,,सिकल सेल, डेंगू कंट्रोल, रक्तदान एवं रक्तदान करने के लाभ तथा नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

## बीकेटीसी ने हरेला पर्व पर बदरीनाथ व केदारनाथ, ज्योर्तिमठ व रूद्रप्रयाग में किया वृक्षारोपण

**केदारनाथ / बदरीनाथ (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्रावण संक्रांति एवं हरेला पर्व के अवसर पर श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने श्री बदरीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम सहित ज्योर्तिमठ तथा रूद्रप्रयाग, श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ, श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी,वेदवेदांग संस्कृत16 महाविद्यालय जोशीमठ, बदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय डिम्मर, संस्कृत महाविद्यालय शोणितपुर सहित सभी विश्राम गृहों में वृक्षारोपण किया है।



पौधारोपण करते हुए।

इससे पहले पैड़– पौधों की पूजा की गयी तथा पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया गया। अपने संदेश में बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने सावन संक्रांति एवं प्रकृति पर्यावरण संरक्षण हेतु समर्पित हरेला पर्व की शुभकामनाएं दी है। श्री नृसिंह मंदिर परिसर बीकेटीसी कार्यालय ज्योर्तिमठ में बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती तथा रूद्रप्रयाग विश्राम गृह/कार्यालय में उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण के निर्देशन में वृक्षारोपण कर हरेला पर्व मनाया गया। श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी तथा सिद्ध पीठ कालीमठ में बीकेटीसी वरिष्ठ सदस्य श्रीनिवास पोस्ती के दिशा–निर्देश में वृक्षारोपण हुआ।

केदारनाथ धाम में बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल के दिशा–निर्देश में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। केदारनाथ में वृक्षारोपण के इस अवसर पर यात्रा मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार तिवारी तथा वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी / प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान,प्रबंधक अरविंद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

बदरीनाथ धाम में वन विभाग के सहयोग से रावल अमरनाथ नंबूदरी तथा बीकेटीसी सदस्य उमेश पोस्ती की उपस्थिति में मंदिर समिति अधिकारियों कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। श्री बदरीश कीर्ति संस्कृत महाविद्यालय सिमली में बीकेटीसी सदस्य राजेंद्र प्रसाद डिमरी की देखरेख में वृक्षारोपण संपन्न हुआ।श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डीएस भुजवाण, देवी प्रसाद तिवारी के देखरेख में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ इसके अलावा मंदिर समिति के श्रीनगर, चमोली, पीपल कोटी नंदप्रयाग, ऋषिकेश, पौड़ी, टिहरी आदि विश्राम गृहों में वृक्षारोपण कर हरेला पर्व मनाया गया। वृक्षारोपण वन तुलसी,बांज, बुरांश,देवदार,, अशोक, ब्रह्मकमल तथा सजावटी पौधों का रोपण किया गया।

18 July 2025_Copy of Layout 1 7/18/2025 1:32 PM Page 5



# बेहतर स्वच्छता प्रबंधन के लिए लालकुआं नगर पंचायत को मिला उत्तराखंड के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्र सरकार द्वारा आयोजित देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 के घोषित किए गए परिणाम के तहत विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लालकुआं नगर पंचायत को कूड़ा निस्तारण एवं बेहतर स्वच्छता प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर विशेष रूप से उत्तराखंड के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्रदान किया। यह कार्यक्रम आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें देशभर से नगर निकायों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

लालकुआं नगर पंचायत को बेहतर स्वच्छता प्रबंधन के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वच्छता के क्षेत्र में उसकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और



दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में लालकुआं नगर पंचायत को उत्तराखंड के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार प्रदान करते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर।

जनभागीदारी के लिए प्रदान किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण केंद्र सरकार की एक वार्षिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से देशभर के शहरी क्षेत्रों की सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जनभागीदारी और नवाचारों के आधार पर विभिन्न राज्यों के हिसाब से रैंकिंग की जाती है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और शहरों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सतत विकास की ओर अग्रसर करना है। लालकुआं नगर पंचायत को उक्त विशेष पुरस्कार वर्ष 2024 से मार्च 2025 के बीच किए गए कूड़ा प्रबंधन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह, वरिष्ठ सभासद धन सिंह बिष्ट, भुवन पांडे, सुरेश शाह, योगेश उपाध्याय, लिपिक सोनू भारती और सफाई नायक वरुण प्रकाश ने सामूहिक रूप से प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत चुनाव से पूर्व नगर पंचायत के प्रशासक परितोष वर्मा और अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह द्वारा बेहतर कूड़ा प्रबंधन, एमआरएफ सेंटर, वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट समेत तमाम उल्लेखनीय कार्य किए जाने एवं नगर पंचायत चुनाव के बाद 2025 में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित बोर्ड द्वारा वोटिंग के माध्यम से लालकुआं नगर पंचायत को प्रदेश में पहले नंबर पर पहुचाने पर उक्त पुरस्कार प्रदान किया गया है। लालकुआं नगर पंचायत को स्वच्छता के क्षेत्र में तीसरी बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोगों ने नगर पंचायत लालकुआं के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, सभासद नेहा आर्य, धन सिंह बिष्ट, योगेश उपाध्याय, शबनम, सुरेश शाह, दीप्ति हेमंत पांडे, भुवन पांडे, पर्यावरण मित्रों, नगर पंचायत स्टाफ, पूर्व में रहे प्रशासक और नगर पंचायत लालकुआं में स्वच्छता के ब्रांड एंबेसडर को शुभकामनाएं दी है।

## वन विभाग, पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त टीम ने की उप खनिज में शामिल वाहनों को सीज

**चमोली।** 16 जुलाई को रात्रि लगभग 11रू46 बजे, प्रभागीय वनाधिकारी बद्रीनाथ वनप्रभाग, गोपेश्वर द्वारा दूरभाष पर दिये गये मौखिक निर्देशों के क्रम में, वन विभाग, पुलिस विभाग एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उप खनिज में शामिल वाहनों के प्रति लंगासू पुलिस चौकी क्षेत्र में कार्यवाही की गई। इस संयुक्त कार्यवाही में छह ट्रक डंपर वाहनों को अवैध उपखनिज परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से सीज किया गया। उक्त सभी वाहन पुलिस चौकी लंगासू को विधिसम्मत रूप से सुपुर्द कर दिये गये हैं। जब्त किये गये वाहनों पर नियमानुसार पेनाल्टी अधिरोपित किए जाने की कार्यवाही गतिमान है। यह कार्यवाही अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में की गयी एक महत्वपूर्ण कार्यवाही है। इस दौरान उपप्रभागीय वनाधिकारी बद्रीनाथ वनप्रभाग विकास दरमोड़ा,पुलिस उपनिरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी जिला खान अधिकारी अंकित चंद मौजूद रहे।

## लालकुआं में वन विभाग ने पकड़ी अवैध सागौन की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर ट्राली

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** तराई पूर्वी वन विभाग डॉली रेंज के वन कर्मियों ने पिपलिया के जंगल के पास 2 लाख रूपये से अधिक मूल्य की सागौन की लकड़ी के गिल्टों से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त की।

डॉली रेंज के वन क्षेत्राधिकारी नवीन सिंह पवार ने बताया कि उनकी रेंज के गश्ती दल को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि जंगल में एक ट्रैक्टर ट्राली में अवैध लकड़ी लदी हुई है, सूचना पर पहुंचे बनकर्मियों ने पिपलिया गेट पर एक ट्रैक्टर ट्राली बिना नंबर को जांच हेतु रोका गया, जिसमें भारी मात्रा में अवैध रूप से सागौन प्रकाष्ठ भरा हुआ पाया गया। लकड़ी की कीमत लगभग 2 लाख रुपये आंकी जा रही है। ट्रैक्टर स्वामी से प्रकाष्ठ के प्रपत्र दिखाने हेतु कहा



वन विभाग द्वारा पकड़ी गई अवैध सागौन से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली।

गया, लेकिन उसके द्वारा किसी भी प्रकार के वैद्य प्रपत्र नहीं दिखाए गए । ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर सुरक्षित डौली रेंज परिसर लालकुआं में खड़ा किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई जा रही है ।

## यूनेस्को द्वारा फूलों की घाटी पार्क को विश्व धरोहर घोषित होने के 20 वर्ष पूर्ण होने पर नन्दा देवी वन प्रभाग ने किया कार्यक्रम

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** यूनेस्को द्वारा फूलों की घाटी पार्क को विश्व धरोहर घोषित किए जाने के 20 वर्ष पूर्ण होने पर वन चेतना केंद्र नंदा देवी वन प्रभाग ज्योतिर्मठ एवं फूलों की घाटी गेट में बड़े धूम धाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया । चेतना केंद्र ज्योतिर्मठ में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय – फूलों की घाटी के जीवंत फूलों , जानवरों और परिदृश्यों का चित्रण था।



प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 20 छात्र एवं छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा घाटी के सुंदर चित्रों का प्रदर्शन किया गया। । इसके अतिरिक्त फूलों की घाटी के स्थानीय निवासियों के द्वारा भी इको विकास समिति के कार्यों एवं घाटी के अपने अनुभवों को साझा किया गया। अंत में छात्र छात्राओं को फूलों की घाटी से परिचित करवाया गया एवं वृत्त चित्र दिखाया गया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्रसून सकलानी जेपी विद्या मंदिर , द्वितीय स्थान पर अंशिका बिष्ट जेपी विद्या मंदिर एवं तृतीय स्थान पर अदिति पीएमश्री जीजीआईसी ज्योतिर्मठ द्वारा प्राप्त किया गया। अव्वल स्थान पर रहे सभी प्रतिभागियों को उप वन संरक्षक तरुण एस द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में पुलना के स्थानीय अध्यक्ष प्रविंद्र चौहान, सहायक वन संरक्षक सुश्री सुमन , वन क्षेत्राधिकारी गौरव नेगी , चेतना कांडपाल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## चमोली पुलिस की सतर्कता से दो आरोपियों की गिरफ्तारी, करोड़ों के सरकारी धन के गबन का मामला उजागर

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी, बहुद्देश्यीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड मसौली,(हापला ) में वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के बीच हुई भारी वित्तीय अनियमितता और गबन का खुलासा हुआ है।राजन कुमार, सहायक विकास अधिकारी विकास खण्ड पोखरी द्वारा थाना पोखरी में एक लिखित तहरीर दी गई, जिसमें सेवानिवृत्त सचिव मोहनलाल एवं आंकिक अमित सिंह नेगी पर ₹76,48,559 के गबन और वित्तीय अनियमितता का आरोप लगा है।



पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार द्वारा इस मामले की गंभीर प्रकृति को देखते हुए विवेचना की नियमित निगरानी की गई एवं स्पष्ट निर्देश दिये गये कि सभी खाताधारकों से निष्पक्षता और संवेदनशीलता के साथ बयान लिए जाएं, एवं दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर ग्रामीण बचत केंद्र मसौली के कुल 962 खातों में से 162 खातों में फर्जी निकासी, जाली दस्तावेज एवं हस्ताक्षर के माध्यम से धनराशि निकालने के प्रमाण मिले। वित्तीय रिकॉर्ड के मिलान में पाया गया कि लेखा सहायक अमित सिंह नेगी द्वारा ₹1,15,20,000 की निकासी की गई, जबकि कोई भी राशि बैंक में जमा नहीं की गई। वहीं, पूर्व सचिव मोहनलाल द्वारा ₹12,50,000 की राशि निकाली गई, जो उनकी अधिकृत सीमा से बाहर थी।

जांच में यह भी सामने आया कि समिति पर 800 धनात्मक खातों के अंतर्गत ₹26,07,061, 83 थ्व खातों में ₹40,96,500 और 20 त्क खातों में ₹1,45,943' की वैध राशि बकाया है, जिसे समिति द्वारा खाताधारकों को लौटाया जाना है। वहीं दूसरी ओर, ₹62,87,306 की राशि अवैध निकासी के रूप में दर्ज हुई है।

बुधवार को दोनो अभियुक्त – अमित सिंह नेगी पुत्र भगत सिंह नेगी ग्राम नौली थाना पोखरी उम्र 30 वर्ष ( आंकिक) व मोहनलाल पुत्र स्व0 मदनलाल निवासी ग्राम नौटी थाना कर्णप्रयाग उम्र 63 वर्ष ( पूर्व सचिव)को गोपेश्वर से अन्तर्गत धारा 406, 408, 409, 420, 467, 468, 471, 120ठ भा. दं.सं. गिरफ्तार किया गया। सहकारी समिति के अन्य अधिकारियों, सदस्यों और लेखाकारों की भूमिका की भी विवेचना की जा रही है।

18 July 2025_Copy of Layout 1 7/18/2025 1:32 PM Page 6



# श्री नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** 2026 में आयोजित होने वाली विश्व प्रसिद्ध श्री नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में यात्रा से संबंधित समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी।



जिलाधिकारी ने कहा कि कि नंदा देवी राजजात यात्रा लगभग 280 किलोमीटर लंबी होती है, जिसमें से 207 किलोमीटर का क्षेत्र पैदल मार्ग का है और 73 किलोमीटर वाहन से तय किया जाता है। वापसी में लगभग 60 किलोमीटर की दूरी वाहन से तय की जाती है। वर्ष 2014 की यात्रा में लगभग 1.50 लाख श्रद्धालुओं ने भाग लिया था और इस वर्ष इस संख्या में और अधिक वृद्धि की संभावना है। ऐसे में यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सभी विभागों को जिम्मेदारियों के साथ निर्देशित किया गया है।

जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार से सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस बल की तैनाती, जनपद स्तर पर सुरक्षा कर्मियों का प्रशिक्षण, भीड़ नियंत्रण निगरानी के लिए सभी आवश्यक तैयारियां और अत्याधुनिक संसाधनों का प्रयोग कर यात्रा मार्ग पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को यात्रा मार्ग और पड़ावों पर चिकित्सकीय सुविधा, एंबुलेंस, मेडिकल स्टाफ और जरूरी दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए यात्रा पड़ावों पर होटल, गेस्ट हाउस, होम स्टे, सरकारी स्कूल और अन्य भवनों को चिन्हित कर उनकी क्षमता का आंकलन समय पर करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही स्थायी, अस्थायी और व्यक्तिगत वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु स्थानों का चयन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों की एक संयुक्त टीम गठित की जाए, जो यात्रा मार्ग का भौतिक निरीक्षण (रूट सर्वे) कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करे। साथ ही, वन विभाग के डीएफओ को वन क्षेत्र में यात्रा मार्ग को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वे नगर पंचायत बद्रीनाथ के अधिशासी अधिकारी (ईओ) के साथ समन्वय स्थापित कर यात्रा मार्ग पर सॉलिड वेस्ट प्रबंधन हेतु एसओपी तैयार करें, ताकि ठोस अपशिष्ट कचरे का निस्तारण किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों को समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण करने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि यह ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, सुविधाजनक और यादगार अनुभव बन सके।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद डिप्टी जेलर और कांस्टेबल निलंबित

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने सितारगंज जेल में पोक्सो एक्ट के आरोपी से मारपीट के मामले में डिप्टी जेलर और कांस्टेबल को निलम्बित करने के निर्देश दिये गये है। जिसके बाद उन्हे निलम्बित कर दिया गया है। हाईकोर्ट ने डिप्टी जेलर नवीन चौहान और कांस्टेबल राम सिंह कपकोटी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ द्वारा 15 जुलाई को दिए गए आदेश के तहत की गई है। कोर्ट ने यह आदेश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर की रिपोर्ट के आधार पर पारित किया। रिपोर्ट में कहा गया कि पोक्सो आरोपी सुभान से जेल में बुरी तरह मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गया। न्यायालय ने इस मामले को मानवाधिकार के उल्लंघन के तौर पर देखा और सख्त रुख अपनाते हुए जेल अधीक्षक को उन अधिकारियों के नाम प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

## ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में अज्ञात युवक का नहर में बोरे से लपेटा हुआ शव मिलने से मचा हड़कंप

**रुद्रपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक का नहर में बोरे से लपेटा हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक के जेब से आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद हुआ है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

रुद्रपुर शहर के ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के आजादनगर में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक नहर में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। आनन–फानन में स्थानीय लोगों द्वारा ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से युवक के शव को बाहर निकाल कर शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक के जेब से एक आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बरामद हुआ है। जिसमें देवरतन सिंह निवासी बरेली दर्ज है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

ट्रांजिट कैंप इंस्पेक्टर मोहन पांडे ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली थी कि आजादनगर वार्ड 4 ब्रिलिएंट एकेडमी स्कूल वाली रोड के पास नहर में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची टीम ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई। मृतक के जेब से आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद हुआ है।

## द्वितीय चरण के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर में प्रशिक्षण सत्र के द्वितीय चरण के दूसरे दिन प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र में 1020 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।



प्रशिक्षण में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान केंद्रों की निगरानी, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने, आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, मतदान सामग्री की आपूर्ति एवं आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों (प्रथम से चतुर्थ) को मतपेटी की सीलिंग, मत पत्र लेखा, टेंडर वोट, अभिकर्ता नियुक्ति, मतदान केंद्र की व्यवस्था, मतदाता पर्ची वितरण तथा संपूर्ण मतदान प्रक्रिया की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. त्रिपाठी ने अधिकारियों को सभी शंकाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही कर लेने को कहा, जिससे चुनाव प्रक्रिया को बिना किसी व्यवधान के शांतिपूर्वक संपन्न कराया जा सके।

## भाजपा और प्रदेशवासी एकमत, गीता पाठ्यक्रम के लिए देवभूमि सर्वश्रेष्ठ राज्यः महेंद्र भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने स्कूलों में गीता ज्ञान देने की पहल को देवभूमि स्वरूप के अनुरूप बताते हुए स्वागत किया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस मुद्दे पर कांग्रेस नेताओं की दुविधा पर चुटकी लेते हुए कहा, जिन्हें तुष्टिकरण के वोट लेने हों उनको तो संविधान पर राम दरबार के चित्र पर भी आपत्ति होती रही है।



लेकिन भाजपा और प्रदेश की जनता एकमत है कि गीता आधारित स्कूली पाठ्यक्रम के लिए देवभूमि से बेहतर कोई राज्य नही हो सकता। उन्होंने इस मुद्दे पर मीडिया में बयान जारी कर कहा, भारतीय संस्कृति, दैनिक जीवन के कर्तव्य और सामाजिक प्रेरणा देने वाले प्रसंगों की बात करें तो श्रीमद भगवद गीता से बेहतर कोई पाठ्य सामग्री नही है। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश सरकार ने भावी पीढ़ी को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया था। लिहाजा जब तक इसका पाठ्यक्रम पूरी तरह से तैयार नहीं होता तब तक स्कूलों की प्रार्थना में गीता के श्लोकों और प्रसंगों का उच्चारण करना सर्वथा उचित है और भारतीय जनता पार्टी इसका पुरजोर समर्थन करती है।

पहले भी अनेकों मर्तबा गीता को कर्म आधारित ज्ञान दर्शन का सर्वश्रेष्ठ संयोजन माना गया है। जिसका दैनिक जीवन में पढ़ाया जाना हमारे नौनिहालों और देश के भविष्य बहुत लाभकारी साबित होगा। वहीं उन्होंने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं के विरोधाभासी बयानों को उनका असली सनातन विरोधी चेहरा बताया है। कहा, गीता के उपदेश स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने के लिए देवभूमि से बेहतर राज्य कोई अन्य हो ही नही सकता है।

जबकि कांग्रेस छद्म धर्मनिरपेक्ष नीति का अनुसरण करने वाली पार्टी है जो अब सुविधावादी सनातनी नेताओं से भरी हुई है। राज्य में भी इनके नेताओं के हालात इससे अलग नहीं हैं, तभी मैदानी क्षेत्रों में अल्पसंख्यक वोटों की खातिर इनके कुछ नेता गीता के स्कूली ज्ञान का खुला विरोध करते हैं, कुछ पूर्व सीएम हरीश रावत की तरह तारीफ करते करते, विरोधी सवाल खड़े करने लगते हैं। वहीं पहाड़ पर राजनीति करने वाले इनके प्रदेश अध्यक्ष गीता पाठ्यक्रम का स्वागत करते हैं। कांग्रेस नेताओं की ये दुविधा उनकी सुविधावादी सनातनी सोच को उजागर करती है। तुष्टिकरण वोटों की राजनीति करने वाली कांग्रेस इस मुद्दे कर कन्फ्यूज्ड हो सकती है, लेकिन भाजपा और प्रदेश की जनता एकमत है कि गीता पाठ्यक्रम की शुरुआत के लिए देवभूमि से बेहतर कोई राज्य नहीं हो सकता है।

# स्टर्लिंग हॉलीडे रेसर्ट्स ने लॉन्च किया लैंसडाउन के नजदीक ऑफबीट गेटअवे स्टर्लिंग वनवासा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स ने अपनी नवीनतम प्रॉपर्टी दृ स्टर्लिंग वनवासा लॉन्च की है। गढ़वाल हिमालय में लैंसडाउन के नजदीक स्थित स्टर्लिंग वनवासा लगभग 30 एकड़ में फैले वन क्षेत्र में है और यह खासतौर से उन शहरी लोगों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है जो अपनी व्यस्त और तनावभरी शहरी जिंदगी से ऊबकर कुछ दिन प्रकृति की गोद में बिताकर तरोताजा होना चाहते हैं। यह उत्तराखंड में स्टर्लिंग की 8वीं प्रॉपर्टी है जो भारत के सर्वाधिक ऑफबीट और शांत हॉलीडे डेस्टिनेशंस की पहचान करने की ब्रैंड की साख को और मजबूत बनाती है। स्टर्लिंग वनवासा को समुद्रतल से करीब 3,200 फुट की ऊंचाई पर बसे जुई गांव में खोला गया है जो साल और चीड़ के घने जंगलों से घिरा है और यहां से गढ़वाल हिमालय का शानदार दृश्य देखा जा सकता है।



लैंसडाउन शहर में पर्यटकों की भीड़–भाड़ से दूर, स्टर्लिंग वनवासा मेहमानों को प्राकृतिक वातावरण में शांत और मनमोहक नजारों को निहारते हुए सही मायने में डिस्कनेक्ट और अनवाइंड होने का अवसर प्रदान करता है। इस रेसोर्ट में कोलोनियल स्टाइल के 33 कॉटेज और फैमिली सुइट्स हैं, जो प्राइवेट सिट–आउट और वुड–लाइंड इंटीरियर के चलते बेहद सुकूनदायक हैं। हरेक कमरे से बेहतरीन दृश्य दिखायी देते हैं दृ चाहे नीचे घाटी का नजारा हो या दूर से चमकती लकीर की तरह दिखायी देती रामगंगा। किसी भी कमरे में टीवी नहीं है ताकि यहां आने वाले मेहमानों को कुछ रुकने, अपने आप से मुलाकात करने, गहरी सांस लेने और प्रकृति के बीच शांत सुरम्य वातावरण को महसूस करने का मौका मिल सके।

मल्टीक्यूजिन रेस्टॉरेंट दृ अरण्या में रेसोर्ट के बगीचे में उगायी स्थानीय साग–सब्जियों से तैयार गढ़वाली व्यंजनों को भी परोसा जाता है। साथ ही, रेसोर्ट में स्वीमिंग पूल, मेडिटेशन जोन, और एक इवेंट वेन्यू भी है जो परिवारों की मेल–मुलाकातों और कॉर्पोरेट आयोजनोंध्बैठकों के लिए उपयुक्त है।

विक्रम लालवानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, स्टर्लिंग हॉलीडे रेसोर्ट्स लिमिटेड ने कहा, ''स्टर्लिंग वनवासा इस बात का उदाहरण है कि हम किस तरह से खास ट्रैवलर्स के लिए ऑफबीट डेस्टिनेशंस पेश करने की विशेषज्ञता रखते हैं। मुन्नार से कारवार, यरकाड से लेकर रजोल तक, हमने सैलानियों के लिए ऐसे शांत–सुरम्य स्थान तैयार किए हैं जहां आकर वे सुस्ता सकते हैं, खुद को रीचार्ज कर सकते हैं और तरोताजा होने के बाद रीकनेक्ट होने के लिए तैयार हो सकते हैं। वनवासा भी हमारे इसी वायदे का विस्तार है दृ जो शांत, सुंदर और ताजगी का अहसास दिलाता है।''

## देहरादून ने टाटा कंज्यूमर फंड में 8.4 करोड़ रुपये का निवेश किया

**देहरादून।** ग्रामीण इलाकों में लोगों की बढ़ती आय और सामान्य मानसून की संभावना भारत में कंजम्शन में आशावाद को जगा रही है। कंजम्प्शन पर आधारित म्यूचुअल फंडों ने 2024 में निवेशकों को काफी आकर्षित किया है। 2025 की शुरूआत में एक छोटे से झटके के बाद, व्यापक बाजार की तरह मार्च से इस श्रेणी में उछाल आया है।

कंजम्प्शन फंडों में, टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड निवेशकों के लिए विचार करने योग्य निवेश विकल्पों में से एक है। टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड की मासिक औसत प्रबंधनाधीन संपत्ति 30 जून, 2025 तक 2,457.4 करोड़ रुपये तक पहुँच गई, जिसमें 31 मार्च, 2024 के 1,457 करोड़ रुपये से 69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निवेश के संदर्भ में, टाटा म्यूचुअल फंड के आंतरिक आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2024 से जून 2025 के बीच टाटा इंडिया कंज्यूमर फंड में देहरादून से 8.4 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

## सूर्या रोशनी काशीपुर यूनिट में महिलाओं को रोजगार और कौशल से बना रही सशक्त

**काशीपुर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश की जानी–मानी कंपनी सूर्या रोशनी, जो लाइटिंग, पंखे, घरेलू उपकरण, स्टील और पीवीसी पाइप्स के क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम है, अब महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मिसाल कायम कर रही है। कंपनी ने अपने काशीपुर प्लांट में महिलाओं को रोजगार देकर और उन्हें विशेष प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का बड़ा कदम उठाया है।

आज जब ज्यादातर फैक्ट्रियों में काम करने वालों में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, वहीं सूर्या रोशनी के काशीपुर प्लांट में 60प्रतिशत से ज्यादा कर्मचारी महिलाएं हैं, जो क्वालिटी कंट्रोल, मशीन ऑपरेशन, पैकिंग से लेकर प्रशासन तक के अलग–अलग विभागों में काम कर रही हैं। यहाँ 400 से अधिक महिलाएं पूरी मेहनत से अपना भविष्य संवार रही हैं।

सूर्या रोशनी में लाइटिंग बिजनेस के ऑपरेशनल हेड वासुमित्र पांडेय ने बताया कि सिर्फ नौकरी देना ही सशक्तिकरण नहीं होता, असली सशक्तिकरण तब होता है जब महिलाओं को कौशल, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने का मौका दिया जाए। सूर्या रोशनी ने महिलाओं के लिए एक व्यवस्थित प्रशिक्षण व्यवस्था तैयार की है, जिसमें तकनीकी ट्रेनिंग, सुरक्षा से जुड़े वर्कशॉप, मशीन चलाने की ट्रेनिंग और मेंटरशिप शामिल है। खास बात यह है कि यह ट्रेनिंग पहली बार नौकरी करने वाली महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जिससे वे आत्मविश्वास से काम कर सकें।

# फिनो पेमेंट्स बैंक ने उत्तराखंड में यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए गति खाता शुरू किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बैंकिंग को आसान, सरल और सुविधाजनक बनाने के बाद, फिनो पेमेंट्स बैंक अब इस दिशा में काम कर रहा है कि ग्राहक नया खाता खोलते ही तुरंत लेनदेन शुरू कर सकें। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए फिनो पेमेंट्स बैंक ने आज एक नया बचत खाता ''गति'' लॉन्च किया है, जिसका अर्थ कई भारतीय भाषाओं में 'स्पीड' या 'तेजी' होता है।

यह उत्पाद विशेष रूप से उन ग्राहकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो किफायती तरीके से बैंकिंग सेवाओं के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करना चाहते हैं। जैसे–जैसे भारत में डिजिटलकरण तेजी से बढ़ रहा है, यह ग्राहक वर्ग फिजिटल (फिजिकल प्लस डिजिटल) से पूरी तरह डिजिटल की ओर रुख करने को तैयार है, और इसमें युपीआय को अपनाने की बढ़ती प्रवृत्ति अहम भूमिका निभा रही है।

कोई भी व्यक्ति उत्तराखंड राज्य में फैले फिनो बैंक के 4332 मर्चेंट प्वाइंट्स में से किसी पर भी जाकर गति बचत खाता खोल सकता है और इसके लाभ उठा सकता है। यह जीरो बैलेंस खाता केवल 100 की एकमुश्त खाता खोलने की फीस के साथ ई–केवाईसी प्रमाणीकरण के माध्यम से तुरंत खोला जा सकता है। खाता खोलने के बाद ग्राहक मर्चेंट की सहायता से फिनोपे मोबाइल बैंकिंग ऐप डाउनलोड कर सकते हैं, जो खुद युपीआय आयडी तैय्यार करता है जिससे तुरंत लेनदेन संभव हो जाता है। इसके अतिरिक्त, खाता रख–रखाव शुल्क सालाना नहीं बल्कि तिमाही 50 लिया जाता है, जिससे यह खाता ग्राहकों के लिए सुविधाजनक और किफायती बनता है। फिनो पेमेंट्स बैंक के नेशनल हेड (चौनल सेल्स) दर्पण आनंद ने कहा, ग्रामीण ग्राहकों, यहां तक कि वरिष्ठ नागरिकों में भी स्मार्टफोन का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। गति बचत खाता हमारी इस रणनीतिक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य इस वर्ग के ग्राहकों के लिए डिजिटल बैंकिंग को और अधिक सुलभ बनाना है। राज्यभर में फैले हमारे मर्चेंट ग्राहकों को गति खाता खोलने में सहायता कर सकते हैं।

# हरेला पर्व पर एमडीडीए की हरित पहल, वृक्षारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्र म का भव्य आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर और पर्यावरणीय चेतना का प्रतीक हरेला पर्व आज मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण द्वारा एक वृहद वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से मनाया गया। इस अवसर पर डिफेंस कॉलोनी स्थित गौरा देवी पार्क और नव–निर्माणाधीन आढ़त बाजार क्षेत्र में सैकड़ों पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर सचिव मोहन बर्निया, संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, मुख्य



पौधारोपण करते एमडीडीए के अधिकारी।

अभियंता एच. सी. एस. राणा, सहित विभागीय अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरा देवी पार्क, जिसे एमडीडीए द्वारा विकसित किया जा रहा है, में 500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त, आढ़त बाजार क्षेत्र में जामुन, नीम, आंवला, कटहल, पॉम आदि जैसे फलदार एवं औषधीय महत्व के पौधों को रोपा गया। 60,000 पौधों का वितरण और रोपण का लक्ष्यः प्राधिकरण द्वारा इस अवसर पर केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि लगभग 25,000 से 30,000 हजार पौधों का वितरण भी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों, स्थानीय नागरिकों व अन्य हितधारकों को किया गया। साथ ही, शहर के अन्य चिन्हित स्थलों विशेषकर शिमला बायपास व आस–पास के क्षेत्रों में भी 25 से 30 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक संतुलन और सामुदायिक सहभागिता की मिसालः इस कार्यक्रम के माध्यम से डक्क। ने केवल हरियाली बढ़ाने का कार्य नहीं किया, बल्कि स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी को भी बढ़ावा दिया। इस पहल के माध्यम से हरित शहरी विकास को एक नई दिशा देने का प्रयास किया गया है। हरेला पर्व संस्कृति और जिम्मेदारी का संगमः इस अवसर पर बोलते हुए बंशीधर तिवारी ने कहा हरेला उत्तराखंड की आत्मा है। यह पर्व सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि हमारी पर्यावरणीय जिम्मेदारियों की अभिव्यक्ति है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई सावन महीने की संग्राद व भाई तारू सिंह का शहीदी पर्व



सम्मानित किए गए शिक्षक व बच्चे।

देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार देहरादून के तत्वावधान में सावन महीने की संग्राद व भाई तारू सिंह जी का शहीदी दिवस कथा–कीर्तन के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। प्रातः नितनेम के पश्चात हजूरी रागी भाई नरेंद्र सिंह ने आसा दी वार का शब्द आगै सुख मेरे मीताष्ठ पाछै आनद परभ कीता का गायन किया एवं सेवक परिवार के द्वारा रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गये स

हेड ग्रंथी ज्ञानी शमशेर सिंह ने महीने की कथा करते हुए कहा कि श्री गुरु अर्जन देव जी समझाते हैं कि जो जीव सावन की हरियाली को देख कर अपने मन को गुरु जी के चरणों में समर्पित करते हैं उनका मन–तन प्रभु के सच्चे नाम में लीन हो जाता है भाई तारू सिंह जी ने हमें सिखाया है कि केसों की सँभाल किस तरीके से करनी चाहिए क्योंकि गुरु जी केसों को अपनी मोहर बताते हैं। भाई नरेंद्र सिंह हजूरी रागी जत्थे ने शब्द हरि मिलनै नो मन लोचदा करम मिलावन हार का गायन कर संगत को निहाल किया। भाई शमशेर सिंह ने सरबत के भले के लिए अरदास की। सरदार गुरबख्श सिंह राजन, प्रधान जी के द्वारा आई हुई संगत को संग्राद की बधाई दी। सरदार गुलजार सिंह, महासचिव ने कहा कि वह सारे ही माता–पिता बधाई के पात्र है जिनके द्वारा अपने बच्चों को गुरमत क्लासों में भेजा गया व बच्चों को पंजाबी सीखने के लिए प्रेरित किया। पिछले माह गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में तकरीबन एक माह तक चली पंजाबी व गुरमत सिखलाई की कक्षाओं में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को वह उन अध्यापिकाओं को जिन्होंने बच्चों को पंजाबी पढ़ाने की सेवा की,का सम्मान किया गया। प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट व प्रोत्साहन हेतु पारितोष प्रदान किए गए,तकरीबन 35 विद्यार्थियों को वह 4 अध्यापिकाओं को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन करते हुए सरदार दविंदर सिंह भसीन ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के द्वारा संचालित दशमेश अकादमी स्कूल में बच्चों के लिए संगत के सहयोग से नई कम्प्यूटर लैब पुस्तकालय व कॉन्फ्रेन्स हाल का निर्माण किया गया।

स.सतनाम सिंह के द्वारा प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों का नाम प्रसारित किया। आईं हुई संगत के लिए लंगर की सेवा करने वाले तिलक राज कालरा व दविदर सिंह सहदेव को सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की समाप्ति पर संगत ने लंगर प्रशाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, महासचिव गुलजार सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी,गुरप्रीत सिंह जी जोली, सतनाम सिंह,गुरदयाल सिंह,अरविन्दर सिंह, अवीनाश सिंह आदि उपस्थित थे।

## चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर पुलिस की सख्ती, शराब के नशे में उपद्रव कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चमोली पुलिस द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 15.07.2025 की रात्रि को थाना पोखरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि सूरज लाल पुत्र स्वर्गीय श्री बच्चू लाल निवासी ग्राम भिकोना थाना पोखरी जनपद चमोली शराब के नशे में धुत होकर सार्वजनिक स्थान पर हंगामा कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संबंधित व्यक्ति को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वह और अधिक जोर–जोर से चिल्लाकर हंगामा करने लगा। आदर्श आचार संहिता एवं क्षेत्र की शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थाना पोखरी पुलिस द्वारा उक्त व्यक्ति को मौके पर ही धारा 126ध्135ध170 उछै के अंतर्गत गिरफ्तार कर थाने लाया गया। मेडिकल परीक्षण व अन्य विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय परगना मजिस्ट्रेट पोखरी के समक्ष पेश किया गया। चमोली पुलिस चुनाव आचार संहिता के पालन हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की अशांति अथवा उल्लंघन पर सख्त कार्यवाही जारी रखेगी। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 दलबीर सिंह, कॉ0 ललित मोहन, हो0गा0 जयप्रकाश शामिल रहे।

## शूलिनी विवि को मिला यूजीसी का कैटेगरी–1 दर्जा

देहरादून। शूलिनी विश्वविद्यालय ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट साइंसेज, जो हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित है, को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने ग्रेडेड ऑटोनॉमी रेगुलेशंस, 2018 के तहत कैटेगरी–1 का दर्जा प्रदान किया है। यह मान्यता अकादमिक उत्कृष्टता का एक बड़ा प्रमाण है और इससे शूलिनी देश के सर्वाधिक स्वायत्त और उच्च प्रदर्शन करने वाले संस्थानों में शामिल हो गया है।

यूजीसी की यह घोषणा उसकी 591वीं आयोग बैठक में की गई, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया गया। शूलिनी विश्वविद्यालय को यह शीर्ष श्रेणी का दर्जा यूजीसी की निर्धारित कसौटियों को पूरा करने के बाद प्राप्त हुआ है।

## न्यूज डायरी

### मंत्री जोशी ने उपनल कार्मिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा



देहरादून। मंत्री गणेश जोशी ने अपने शासकीय आवास पर उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट के साथ बैठक कर उपनल कार्मिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। सैनिक कल्याण मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणा के क्रम में विदेशों में रोजगार दिये जाने की पत्रावली को प्राथमिकता पर शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होंने उपनल कर्मियों की शासन स्तर पर लम्बित समस्याओं का समाधान सम्बंधी विषय पर भी गम्भीरता से वार्ता जानकारी ली। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उपनल के माध्यम से कार्यरत कार्मिक की ड्यूटी के दौरान दुर्घटना में मृत्यु की स्थिति में आश्रित को मिलने वाली रुपये 50 लाख की एकमुश्त सहायता राशि त्वरित रूप से लाभार्थियों को प्रदान किए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद कार्मिक के परिवार को दिये जाने वाली रुपये 1.50 लाख की त्वरित सहायता राशि को भी तत्काल उनके परिवार को दी जाए। मंत्री ने कहा कि उपनल के माध्यम से कार्यरत पूर्व सैनिक एवं उनके परिजनों की भलाई सरकार की प्राथमिकता है और उनके कल्याण के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर (सेनि) जेएनएस बिष्ट ने सैनिक कल्याण मंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड के साथ–साथ अन्य 16 प्रदेशों में कार्मिकों की भर्ती और तैनाती की जा रही है।

## भाजपा के मीड़िया प्रभारी ने हरीश रावत को बताया कांग्रेस का धृतराष्ट्र



देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि हिंदू सनातन मतावलंबियों का अपने महाग्रंथ भागवत गीता और रामायण मे अगाध श्रद्धा है और ये हमारी दिनचर्या तथा जीवनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत जिस तरह से भागवत गीता मे श्रीकृष्ण के उपदेशों को दुर्योधन से घालमेल की कोशिश कर रहे हैं वह एक तरह से धर्म शास्त्र का उपहास भी है।

चौहान ने कहा कि कर्म योग को नये शिरे से परिभाषित कर रहे हरदा को यह खुद ही तय करना चाहिए कि वह कांग्रेस के बुजुर्ग नेता हैं और उन पर कौन सा किरदार फिट बैठता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मे बड़े से छोटे नेताओं की लम्बी फेहरिशत हैं जो उन्हे धृतराष्ट्र के रूप मे देखते हैं। उन्होंने कहा कि देश और राज्य के बजाय वह परिवार के मोह मे शुरू से ही फंसे रहे हैं और अपनी सुविधा के अनुसार न्याय के तराजू को पकड़ने का नाटक करते हैं। चौहान ने कहा कि उन्हे देश की संसद के लिए भी उम्मीदवार परिवार से चाहिए तो राज्य की विधान सभा के लिए परिवार का कोई सदस्य हो और जब सीएम की बात हों तो वह स्वाभविक दावेदार रहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मे चल रही महाभारत मे वह खुद ही धृतराष्ट्र और खुद ही दुर्योधन की भूमिका मे हैं। हरदा कांग्रेस सरकर आने पर जो भी मुखिया बना उसकी चूलें हिलाने की अनवरत कोशिश करते रहे हैं और 2014 मे वह सफल भी हो गए जब वह खुद ही सीएम बने। उसके बाद दो चुनाव मे वह सीएम के चेहरे बने रहे। चौहान ने कहा कि परिवार मोह और सत्तालोलुपता के कारण कांग्रेस खाली हो रही है, लेकिन वह कर्मयोगी का आडंबर रच रहे हैं।

## पेज 01 का शेष...

### स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर स्वास्थ्य विभाग विशेष ध्यान दें: मुख्यमंत्री

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य की योग नीति के तहत योग निदेशालय की स्थापना की जायेगी योग केन्द्रों का पंजीकरण किया जायेगा। नये योग केन्द्रों को प्रोत्साहित किया जायेगा। राज्य में निवेशक सम्मेलन के बाद आयुष के क्षेत्र में 1100 करोड़ रूपये की ग्राउंडिंग शुरू हो चुकी है। प्रदेश में 300 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एन.ए.बी.एच के मानकों के अनुरूप उच्चीकृत कराया जा रहा है। 149 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का एन.ए.बी.एच प्रमाणीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। समीक्षा के दौरान वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जुड़े थे। बैठक में उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव आर राजेश कुमार, दीपेन्द्र चौधरी, श्रीधर बाबू अदांकी, निदेशक आयुष विजय कुमार जोगदण्डे, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19